चक्रवात का लैंडफॉल

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस]

हाल ही में **चक्रवात दाना** ने ओडिशा में दस्तक दी।

- लैंडफॉल एक उष्णकटिबंधीय चक्रवात की घटना है जिसमे चक्रवात **समुद्रीय सतह से भू-भाग** पर आ जाता है, विशेष रूप से जब चक्रवात का केंद्र **(चक्रवात की आँख)** समुद्रीय तट को पार का लेता है।
  - यह प्रत्यक्ष प्रक्रिया से भिन्न है, जिसमें चक्रवात का केंद्र तट से दूर रहता है, लेकिन तीव्र पवन का केंद्र **(या आई-वॉल)** तट की ओर चला जाता है।
- **निम्न वायुमंडलीय दाब, गर्म तापमान और साफ आसमान वाला केंद्रीय क्षेत्र** चक्रवात की आँख के नाम से जाना जाता है।
- **चक्रवात के अन्य घटक:**
  - **आई-वॉल:** यह उष्णकटिबंधीय चक्रवात का सबसे जोखिमपूर्ण हिस्सा है, जिनकी विशेषताओं में अधिक तीव्र पवन, अत्याधिक वर्षा और 15,000 मीटर (49,000 फीट) तक ऊँचे संवहनीय बादल शामिल हैं।
  - **वर्षा पट्टियाँ (Rainbands): आई-वॉल** बादलों और चक्रवातों की सर्पिलाकार पट्टियों से घिरी होती है, जो बवंडर, तीव्र पवन और मूसलाधार बारिश उत्पन्न कर सकती हैं।

//



अधिक पढ़ें: चक्रवात दाना

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/landfall-of-a-cyclone